







# "मिला 'पक्का मकान', समाज में बढ़ा मान-सम्मान"





यह कहानी है श्रीमती पिंकी कुमारी, पति धीरेन्द कुमार जी की है जो नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर, वार्ड संख्या 02 की निवासी हैं। धीरेंद्र कुमार जी की नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य पथ के बगल में एक छोटी सी पान की दुकान है, जिससे वे अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। उनकी आमदनी उतनी नहीं थी, जिससे वे अपने सपनों का आशियाना बना सकें। उनके परिवार में पति-पत्नी के अलावा उनके दो बच्चे भी हैं। उनका पूर्व का मकान मिट्टी का बना हुआ था जो हर मौसम के अनुकूल नहीं था। इस मकान में रहने में पूरे परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ऐसे ही समय में धीरेन्द्र कुमार जी को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली। इस योजना का लाभ लेने हेतु धीरेंद्र कुमार जी ने अपने वार्ड पार्षद के सहयोग से नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन जमा करवाया। इसके कुछ दिनों के उपरांत उन्हें मकान के निर्माण हेतु स्वीकृति मिल गई। साथ ही नगर पंचायत कार्यालय द्वारा उन्हें आवास निर्माण हेतु कार्यादेश भी प्राप्त हो गया, जिसके बाद उन्होंने लगभग 5 माह में आवास निर्माण कार्य को पूरा कर लिया। अपना पक्का आवास हो जाने से समाज में इनका मान-सम्मान बढ़ गया है। साथ ही इनकी आर्थिक स्थिति भी सु-ढ़ हो गई। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर पंचायत के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हृदय से उनका आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**